हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 25 दिसंबर 2025



04 नवांकुर के रासेयो शिविर में भाग लेने रवाना



07 कैकई ने मांगा भरत को राज और राम को वनवास





## बासौदा मंडी भाव

| | |
|---|---|
| सोयाबीन | |
| न्यूनतम भाव | 1680 |
| उच्चतम भाव | 5415 |
| सरसों | |
| न्यूनतम भाव | 4400 |
| उच्चतम भाव | 7230 |
| चना | |
| न्यूनतम भाव | 4200 |
| उच्चतम भाव | 5390 |
| मसूर | |
| न्यूनतम भाव | 3800 |
| उच्चतम भाव | 6800 |
| ज्वार | |
| न्यूनतम भाव | 1600 |
| उच्चतम भाव | 6400 |
| मक्का | |
| न्यूनतम भाव | 1300 |
| उच्चतम भाव | 1680 |
| तेवड़ा | |
| न्यूनतम भाव | 2850 |
| उच्चतम भाव | 3056 |
| धान | |
| न्यूनतम भाव | 1551 |
| उच्चतम भाव | 3614 |
| धनिया | |
| न्यूनतम भाव | 7400 |
| उच्चतम भाव | 8500 |
| उड़द | |
| न्यूनतम भाव | 4200 |
| उच्चतम भाव | 6525 |
| बटरी | |
| न्यूनतम भाव | 2760 |
| उच्चतम भाव | 2800 |
| मटर | |
| न्यूनतम भाव | 3600 |
| उच्चतम भाव | 3600 |
| गेंहू | |
| न्यूनतम भाव | 2200 |
| उच्चतम भाव | 3600 |
| मेथीदाना | |
| न्यूनतम भाव | 3690 |
| उच्चतम भाव | 3690 |
| अलसी | |
| न्यूनतम भाव | 6600 |
| उच्चतम भाव | 6600 |

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 26108 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन से गिरकर एएसआई की मौत, मर्ग किया दर्ज



**गंज बासौदा।** मंगलवार को रात्रि के समय खंभा नंबर 931/25 पर डाउन ट्रैक पर भडेरू रेल्वे फाटक के पास ट्रेन से गिरकर युवक की मौत हो गई। अज्ञात शव के पड़े होने की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा बनाकर शव को शव वाहन में रखकर शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय ले जाया गया। मृतक के पास उसका एक मोबाइल मिला, जिससे उसकी पहचान हुई। युवक सीआईएसफ में एएसआई पद पर पदस्थ है। उनकी टीम डीएसपी एवं उच्च अधिकारी युवक का शव लेने के लिए गंजबासौदा आए और शव लेकर गंतव्य को रवाना हुए।

# भारत माता कॉन्वेंट स्कूल में जांच के बाद दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने नगर के भारत माता कॉन्वेंट स्कूल को नोटिस जारी करते हुए प्रबंधन को सख्त निर्देश जारी किए हैं।

नोटिस में कहा गया है कि यदि इस नोटिस के बाद भी प्रबंधन ने ऐसी गलती की पुनरावृत्ति की तो उसकी मान्यता रद्द करने के लिए सीबीएसई बोर्ड दिल्ली को लिखा जाएगा।

बीईओ द्वारा जारी नोटिस में दिनांक 17 दिसंबर को समाचार पत्र में प्रकाशित खबर **भारत माता कान्वेंट स्कूल प्रबंधन द्वारा पालकों के साथ अवैध वसूली की शिकायत** एवं शिकायत कर्ता के आवेदन को संदर्भ बनाया गया है। नोटिस में कहा गया है कि इस मामले की जांच बीईओ एवं बीआरसी द्वारा की गई है। जिसमें बताया गया कि स्कूल प्रबंधन द्वारा विभाग की अनुमति के बिना पिकनिक कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं छात्रों से 300 रूपए प्रति छात्र के मान से राशि ली गई, जिसका कोई लेखा जोखा नहीं रखा गया। शीत के मौसम में भी पिकनिक में बच्चों को ठंडे पानी से नहाने की व्यवस्था रखी गई। उक्त कृत्य अशासकीय विद्यालयों की मान्यता नियमों के प्रतिकूल है। नोटिस में प्रबंधन को निर्देशित किया गया है कि भविष्य में ऐसे कृत्य की पुनरावृत्ति पर मान्यता रद्द करने के लिए लिखा जाएगा।



गंजबासौदा। बरेठ रोड पर संचालित भारत माता कान्वेंट स्कूल

## प्रतियोगिता में जिया ने जीता प्रथम पुरस्कार


गंजबासौदा। प्रथम पुरस्कार प्राप्त करती जिया अहिरवार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंडी में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। इस उत्सव में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 11 वीं की छात्रा जिया पुत्री बलराम सुनीता अहिरवार ने मेकअप प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, विद्यालय के प्राचार्य प्रभात श्रीवास्तव एवं उपस्थित अतिथियों ने शील्ड एवं प्रमाण पत्र भेंटकर छात्रा का उत्साहवर्धन किया। छात्रा की इस उपलब्धि पर विद्यालयीन स्टॉफ, परिजनों एवं शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

## बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के साथ की जा रही लूटपाट, हत्या, आगजनी

# विहिप बजरंग दल ने जलाया बांग्ला देशी जिहादी आतंकवाद का पुतला

बांग्लादेश में हिंदू युवक की नृशंस हत्या और अल्प संख्यक हिंदुओं के घरों में की जा रही आगजनी, लूटपाट, हत्या का जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



गंजबासौदा। जय स्तंभ चौक पर प्रदर्शन करते विहिप कार्यकर्ता


गंजबासौदा। व्यापारियों को समझाईश देती एसडीओपी शिखा भलावी

बुधवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने शाम 5 बजे जय स्तंभ चौराहे पर बांग्लादेश का पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन दर्ज कराया। यह प्रदर्शन बांग्लादेश में एक हिंदू युवक की नृशंस हत्या और वहां रह रहे अल्पसंख्यक हिंदू समाज के लोगों के घरों में आगजनी, लूटपाट और जिहाद के नाम पर हत्या के विरोध में किया गया। कार्यकर्ता पहले सिद्धेश्वरी माता मंदिर पर एकत्रित हुए। इसके बाद वे हाथ में पुतला लेकर रैली के रूप में जय स्तंभ चौराहा पहुंचे चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या का जमकर विरोध किया और नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू असुरक्षित हैं और उनकी सुरक्षा पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसके कारण ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं। कार्यकर्ताओं ने विशेष रूप से एक हिंदू युवा की निर्मम हत्या का उल्लेख किया जिस पर संपूर्ण विश्व को एकजुट होकर प्रतिकार करना चाहिए। इस घटना से आक्रोशित होकर उन्होंने जमकर नारेबाजी की, फिर बांग्लादेश का पुतला आग के हवाले कर दिया। यह विरोध प्रदर्शन लगभग आधे घंटे तक चलता रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल कार्यकर्ता एवं नागरिकगण मौजूद थे। प्रदर्शन के दौरान जय स्तंभ चौक पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई।

## प्रवेश के लिए छात्र, छात्राओं को किया जागरुक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासन के आदेशानुसार, कॉलेज चलो अभियान के तहत शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा नवांकुर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की 12 वीं कक्षा के छात्र, छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश हेतु प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में एवं अभिषेक सिंह के नेतृत्व में महाविद्यालय की समिति द्वारा छात्राओं को स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्हें समय पर पंजीयन एवं प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही विद्यार्थियों को कॉलेज में प्रवेश लेने के लाभ के बारे में जानकारी दी। समिति के सदस्य डॉ. बिन्देश शुक्ला और मनीष दुबे ने महाविद्यालय में संचालित विभिन्न संकायों कला, बीएससी (बायो), बीएससी (गणित), कंप्यूटर साइंस के साथ-साथ नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों पर भी विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान छात्र- छात्राओं को महाविद्यालय में संचालित विभिन्न विद्यार्थी हितैषी योजनाएं, करियर मार्गदर्शन और शैक्षणिक सुविधाओ की जानकारी दी गई। महाविद्यालय की समिति ने छात्र छात्राओं के द्वारा प्रवेश के संबंध में पूछे गए प्रश्नों का उत्तर भी दिया। छात्र, छात्राओं ने इस पहल की सराहना की।

# उपजेल में नेत्र परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान द्वारा उपजेल में नेत्र परीक्षण शिविर जिला विधिक सेवा समिति क़े सचिव एवं न्यायाधीश वरिष्ठ खंड नितेंद्र सिंह तोमर विदिशा की उपस्थिति में आयोजित किया गया। जिसमें डॉक्टर दिनेश दुबे द्वारा 70 से अधिक कैदियों क़े नेत्रों की जाँच कर उन्हें दवाई दी गई। 15 से अधिक मरीजों क़े चश्मे क़े नंबर निकाल कर दिए गए। 2 मरीजों को मोतियाबिंद चिन्हित किया गया एवं 1 मरीज को चिन्हित किया गया। इस अवसर पर न्यायाधीश नितेंद्र सिंह तोमर ने उक्त आयोजन को सराहनीय बतलाते हुए नेत्र परिक्षण शिविर जिले की प्रत्येक जेल में लगाने का सुझाव दिया एवम कहा कि मोतियाबिन्द क़े मरीजों को जिला अस्पताल में ऑपरेशन क़े लिए भेजा जावेगा। इस अवसर पर संस्थान द्वारा न्यायाधीश नितेंद्र सिंह तोमर, जेलर आलोक कुमार भार्गव एवम डॉक्टर दिनेश दुबे को शाल पहनाकर सम्मान किया गया संचालन अधिवक्ता राजेश सक्सेना ने किया एवं आभार सुनील बाबू पिंगले ने व्यक्त किया। इस अवसर पर वीरेंद्र दांगी ने दवाइयों का वितरण किया। मोंटी जाट, संजीव शर्मा सहित समस्त स्टाफ ने अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

# ग्राम हरदूखेड़ी में विधिक साक्षरता शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशानुसार तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में बुधवार को ग्राम पंचायत हरदूखेड़ी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन सृष्टि कुशवाह, चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर आयोजित विधिक शिविर में न्यायाधीश ने संबोधित करते हुए बताया कि उपभोक्ता कौन है, यदि किसी व्यक्ति को कोई वस्तु खरीदते समय रेट से अधिक मूल्य पर दी जाती है या कोई सेवा प्रदाता द्वारा दी गई सेवा के मूल्य पर सेवा में कमी दी जाती है, तो पीड़ित उपभोक्ता उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत उपभोक्ता न्यायालय (फोरम)में बाद दायर कर सकता है। शिविर में संबोधित करते हुए एडवोकेट संजीव कुमार अरोरा ने संविधान के मूलभूत अधिकार कर्तव्यों को बताते हुए निःशुल्क विधिक सहायता, साइबर अपराध के संदर्भ में अवगत कराकर बचाव के संदर्भ में अवगत कराया। इस दौरान महिला बाल विकास आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आकांक्षा शर्मा ने लाड़ली लक्ष्मी योजना, संबल योजना, मातृत्व वंदन योजना के संदर्भ में जानकारी प्रदान की। शिविर में नालसा हेल्प लाइन नंबर 15100 के संदर्भ में अवगत कराया। उक्त आयोजित कार्यक्रम में राजेश सक्सेना अधिवक्ता, सरपंच अशोक कुशवाह, पंचायत सचिव चतुर्भुज सोनी, समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले, पुष्पेंद्र तिवारी पटवारी, सरिता दुबे वरिष्ठ अध्यापिका, आकांक्षा शर्मा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सुनील राजपूत, सौरभ कुशवाह पैरालीगल वालेंटियर्स सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पैरालीगल वॉलेंटियर पद पर हुआ चयन

**गंजबासौदा।** सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत छात्राओं को रोजगारोन्मुखी मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनामिका प्रजापति के मार्गदर्शन से आयोजित इस गतिविधि में प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. पुष्पा बरडे ने छात्राओं को पैरालीगल वॉलेंटियर के पद की जानकारी दी तथा उन्हें इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके परिणामस्वरूप पैरालीगल वॉलेंटियर के पद हेतु साहिबा पठान, नीतू अहिरवार एवं टीना खान का चयन किया गया। प्राचार्य ने चयनित छात्राओं को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।





## आरोग्य भारती का कार्यक्रम आज

**गंजबासौदा।** आरोग्य भारती द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की जयंती मनाई जा रही है। जिसको लेकर गुरुवार को काशी मैरिज गार्डन महाराणा प्रताप चौक पर सुबह 11 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में प्रांतीय सचिव ओम प्रकाश सोनी उपस्थित रहेंगे। आरोग्य भारती ने अधिक से अधिक संख्या में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से शामिल होने की अपील की है।

# स्टेडियम में अव्यवस्थाओं को लेकर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा


गंजबासौदा। प्रदर्शन करते अखिल भरतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गंजबासौदा इकाई द्वारा रजोदा खेल स्टेडियम में व्याप्त गंभीर अव्यवस्थाओं, बदहाल रख-रखाव एवं खिलाड़ियों को हो रही समस्याओं के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया गया। परिषद के कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय खिलाड़ियों ने एकजुट होकर स्टेडियम को शीघ्र पुनः संचालित करने की माँग उठाई। जिला संयोजक शुभम सिंह ठाकुर ने बताया कि लगभग 1 करोड़ 69 लाख की लागत से निर्मित यह स्टेडियम, लोकार्पण के मात्र 11 महीनों में ही बदहाली का शिकार हो चुका है। स्टेडियम में न तो नियमित रख-रखाव किया जा रहा है और न ही स्थायी चौकीदार की व्यवस्था है, जिसके चलते असामाजिक तत्व लगातार स्टेडियम को नुकसान पहुँचा रहे हैं। परिणाम स्वरूप लगभग 200 खिलाड़ी सड़क अथवा अन्य असुरक्षित स्थानों पर अभ्यास करने को मजबूर हैं।

इसके उपरांत एसडीएम संतोष बिटौलिया को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें स्टेडियम को तत्काल पुनः संचालित करने, स्थायी चौकीदार की नियुक्ति, जर्जर संरचनाओं की मरम्मत तथा नियमित रख-रखाव सुनिश्चित करने की माँग की गई। इस अवसर पर एसडीएम ने तत्परता दिखाते हुए ब्लॉक खेल अधिकारी के माध्यम से जिला खेल अधिकारी से दूरभाष पर चर्चा कर समस्या के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। जिला खेल अधिकारी द्वारा भी परिषद के कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया गया कि स्टेडियम से संबंधित समस्याओं का जल्द निराकरण किया जाएगा। जिला संयोजक शुभम सिंह ठाकुर ने कहा कि खिलाड़ियों के भविष्य और सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा के लिए प्रशासन को तत्काल ठोस कदम उठाने होंगे। यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो परिषद जनहित में खेल अधिकारी कार्यालय के घेराव सहित आंदोलन के लिए बाध्य होगी। वहीं नगर मंत्री गजेंद्र राजपूत ने कहा कि परिषद का उद्देश्य किसी प्रकार का टकराव नहीं, बल्कि खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएँ उपलब्ध कराना है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, गंजबासौदा प्रशासन से अपेक्षा करती है कि दिए गए आश्वासनों पर शीघ्र अमल किया जाएगा तथा स्टेडियम को पुनः खेल गतिविधियों के लिए पूर्ण रूप से खोला जाएगा। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, अभिषेक रघुवंशी, उत्कर्ष, पार्थ, अभिषेक, सत्यम, सौरभ, अमन रघुवंशी सहित अनेक अभाविप के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## हरियाणा में किया जा रहा शिविर का आयोजन

# नवांकुर के रासेयो शिविर में भाग लेने रवाना


गंजबासौदा। विद्यार्थियों को रेल्वे स्टेशन से रवाना करते विद्यालयीन स्टाफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन हरियाणा में किया जा रहा है। इस शिविर में सहभागिता करने हेतु नवांकुर के दो विद्यार्थियों विवेक दांगी कक्षा 12 तथा भूमि सोनी कक्षा 12 का चयन किया गया है। बुधवार को दोनों विद्यार्थी उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी दिनेश ओझा के नेतृत्व में पानीपत हरियाणा के लिए रवाना हो गए। राष्ट्रीय सेवा योजना नवांकुर इकाई के कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक मिश्रा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार द्वारा दिनांक 25 से 31 दिसंबर तक गुरु गोविंद सिंह स्कूल पानीपत, हरियाणा में इस सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर यूथ फॉर माय भारत, यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी विषय पर आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित, पहलवान सिंह राजपूत, केशव लाहोरी, संदीप रावत कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक मिश्रा, बालिका इकाई प्रभारी मेघा शर्मा, सहायक अधिकारी विनय सोनी ने बधाई दी। उधर इस शिविर में उत्कृष्ट उमावि से

स्वयंसेवक आयुषी दांगी, रामनाथ भाटी के अलावा सेंट एसआरएस विद्यालय से कुणाल चौधरी राष्ट्रीय सेवा योजना के राष्ट्रीय एकता शिविर में शामिल हो रहे हैं। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक कार्यक्रम अधिकारी ने सभी को बधाई दी।

## व्यापारियों ने सौंपा पत्र, गुरुवार शाम तक प्रकरण दर्ज नहीं हुआ तो शुक्रवार से नीलामी नहीं करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

व्यापारियों और किसानों एवं व्यापारियों और अभिभाषकों के बीच हुए विवाद अब तूल पकडता जा रहा है। गत दिवस मंडी नीलामी के दौरान एक किसान द्वारा व्यापारी से मारपीट के मामले में व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन किया था। जबकि बुधवार को व्यापारी संघ ने मंडी प्रशासन को एक पत्र सौंपा है। जिसमें कहा गया है कि मंडी में गत दिवस व्यापारी के साथ अभद्रता करने वाले किसान के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया जाए। यदि आगामी 25 दिसंबर की शाम तक उक्त मामले में किसान के खिलाफ प्रकरण दर्ज नहीं किया गया तो व्यापारी शुक्रवार 26 दिसंबर से मंडी नीलामी करने में असमर्थ रहेंगे। पत्र में कहा गया है कि उक्त कृषकों द्वारा पूर्व में भी मंडी नीलामी में व्यवधान डाला गया था। इस लिहाज से माना जा रहा है कि यदि गुरूवार की शाम तक इस मामले का निराकरण नहीं हुआ तो शुक्रवार से मंडी नीलामी लंबे समय तक प्रभावित रह सकती है। उधर अभिभाषकों ने भी बुधवार को गत दिवस हुई घटना के विरोध में जयस्तंभ चौक पर एकत्रित होकर प्रदर्शन किया और इस मामले में कार्रवाई की मांग की।



## खबर संक्षेप

### किसान संघ की मासिक बैठक आज नई मंडी में

**विदिशा।** भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक गुरुवार को नवीन कृषि उपज मंडी में दोपहर 1 बजे से होगी। बैठक में प्रांत एवं संभाग स्तर के पदाधिकारी, जिला कार्यकारिणी के सदस्य तथा जिले की सभी तहसीलों के अध्यक्ष एवं मंत्री उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में प्रांत संगठन मंत्री भरत पटेल एवं प्रांत प्रचार-प्रसार प्रमुख व जिला प्रभारी राहुल धूत का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। पदाधिकारियों से अधक से अधिक संख्या में बैठक में शामिल होने की अपील की गई है।

### शहादत व प्रकाश पर्व पर कीर्तन दरबार आज

**विदिशा।** गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों और माता गुजरी व गुरु परिवार द्वारा धर्म रक्षा के लिए दी गई शहादत को नमन करते हुए गुरुद्वारा साहिब में शहादत एवं प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरुवार को सुबह 9 से 10 बजे तक विशेष कीर्तन दरबार सजेगा, जिसमें दिल्ली से पधारे भाई राजेंद्र सिंह सहित भाई गुरमीत सिंह एवं चरण सिंह गुरु महिमा का जसगान करेंगे। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सुरेंद्र चावला ने बताया कि सुबह 10:30 बजे अखंड पाठ साहिब आरंभ होगा। साहिबजादों की शहादत की स्मृति में रक्तदान किया जाएगा। 26 दिसंबर को निशान साहिब का चोला परिवर्तन होगा। 27 दिसंबर को अखंड पाठ की समाप्ति पर लंगर का आयोजन होगा।

### शुभम प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी बने

**ग्यारसपुर।** मानोरा प्रांतीय कुशवाह महासभा की नवीन प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेशाध्यक्ष योगेश मानसिंह कुशवाह की सहमति से शुभम कुशवाह को प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया है। नियुक्ति पर शुभम ने प्रदेशाध्यक्ष का आभार माना। नियुक्ति पर गोपाल कुशवाह, सुनील कुशवाह, जनपद सदस्य मोकाम कुशवाह, सीताराम कुशवाह, कमल कुशवाह, अनिल कुशवाह, शुभम जैन, सत्येंद्र कुशवाह आदि ने उन्हे बधाई दी है।

### 7 वर्ष पूर्ण होने पर निकाली प्रभात फेरी

**अहमदपुर।** ग्राम अहमदपुर कस्बा में विंधेश्वरी प्रातः प्रभात फेरी के 7 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभात फेरी के सदस्यों एवं ग्रामीणजनों ने ढोल-नगाड़ों के साथ उत्साहपूर्वक प्रभात फेरी निकाली। गांव के विभिन्न स्थानों पर नियमित सदस्यों दादाभाई कटारे, गंगाराम सेठ, मिट्ठूलाल कुशवाह, धनपाल लोधी, लाल सिंह रघुवंशी सहित अन्य सदस्यों का पुष्प मालाओं से स्वागत किया गया। समाजसेवी व सदस्य प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया कि प्रभात फेरी विगत सात वर्षों से प्रतिदिन सुबह 5 बजे श्रीराम जय राम के जाप के साथ ग्राम परिक्रमा करती है तथा समय-समय पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता है।

### मानवाधिकार व महिला सुरक्षा ट्रस्ट जिलाध्यक्ष बने नरसिंह दास बैरागी

**ग्यारसपुर।** ग्यारसपुर निवासी नरसिंह दास बैरागी को उनकी निरंतर समाजसेवा, मानव अधिकारों के प्रति समर्पण एवं महिला सुरक्षा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका को देखते हुए मानव अधिकार एवं महिला सुरक्षा ट्रस्ट द्वारा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनके जिला अध्यक्ष बनाए जाने की सूचना मिलते ही ग्यारसपुर क्षेत्र में हर्ष का माहौल बन गया। लोगों का कहना है कि उनके नेतृत्व में संगठन मानव अधिकारों की रक्षा एवं महिला सशक्तीकरण के लिए और अधिक प्रभावी कार्य करेगा।

### उपभोक्ताओं को ठगी से बचने के उपाय बताए

**विदिशा।** राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर जालोरी गार्डन में जिला स्तरीय एक दिवसीय उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों, कानूनी प्रावधानों एवं ठगी से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, विधायक मुकेश टंडन ने उपभोक्ताओं से पक्का बिल लेने और जागरूक रहने का आह्वान किया। विभिन्न विभागों द्वारा जनजागरूकता प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें ऑनलाइन खरीदारी, नकली खाद्य पदार्थों एवं उपभोक्ता संरक्षण से जुड़ी जानकारियां साझा की गईं।

# पुराने वाहन बेचने वाले डीलरों को लेना होंगे लाइसेंस, 31 तक आवेदन करें, फिर बिना लाइसेंस खरीद फरोख्त करते पकड़े जाने पर होगी कार्रवाई

**जिलेभर में जगह जगह वाहन बेच रहे डीलरों पर सख्ती की तैयारी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में पुराने वाहनों की खरीद–फरोख्त करने वाले डीलरों के लिए जिला परिवहन अधिकारी ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। अब बिना लाइसेंस के कोई भी डीलर पुराने वाहनों का व्यवसाय नहीं कर सकेगा।

वाहन बेचने का व्यवसाय करने वालों को 31 दिसंबर तक लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। यदि बिना लाइसेंस लिए वाहनों की खरीद फरोख्त करते पाए गए तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। शहर में करीब आधा दर्जन स्थानों पर डीलरों द्वारा वाहनों की खरीदी फरोख्त की जाती है। इसके अलावा जिले की तहसीलों में भी बड़ी संख्या में वाहन बेचने वाले डीलर हैं, लेकिन इनके पास कोई वैध लाइसेंस नहीं होता। शोरूम पर वाहन एक्सचेंज करने पर भी यह वाहन डीलर ही खरीदते हैं और वाहन एक्सचेंज करने वाले व्यक्ति के नाम का वाहन दूसरे को बेच देते हैं ऐसे में जब वाहन से कोई घटना, दुर्घटना होती है तो वाहन का पुराना मालिक फंसता है और डीलर साफ बच जाते हैं। लेकिन अब पूरी जिम्मेदारी डीलर की होगी।

जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने बताया कि पुराने वाहनों की खरीदी–बिक्री करने के लिए डीलरों को वाहन पोर्टल के माध्यम से फॉर्म 29ए में ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके साथ 25 हजार रुपए की



निर्धारित फीस जमा करना होगी। आवेदन प्राप्त होने के 30 दिनों के भीतर संबंधित पंजीयन प्राधिकारी द्वारा संतुष्ट होने पर डिजिटल रूप से फॉर्म 29बी में लाइसेंस जारी किया जाएगा। यदि आवेदन अस्वीकृत किया जाता है तो आवेदक को सुनवाई का अवसर देकर कारण स्पष्ट रूप से लिखित में बताए जाएंगे।

परिवहन विभाग के अनुसार विदिशा जिले में कई स्थानों पर बिना लाइसेंस के पुराने वाहनों का कारोबार किया जा रहा है जिससे शासन को फीस एवं जीएसटी के रूप में होने वाले राजस्व की क्षति हो रही है। इसी को देखते हुए सभी वाहन व्यवसायियों को 31 दिसंबर से पहले नियमानुसार आवेदन करने के निर्देश दिए गए हैं। समय-सीमा के बाद नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर सख्त कार्रवाई तय मानी जाएगी।

### सार्वजनिक स्थान पर भी खड़े नहीं कर सकेंगे वाहन

नियमों के तहत लाइसेंस धारी डीलर के पास वाहनों को रखने के लिए पर्याप्त स्थान होना चाहिए तथा किसी भी स्थिति में वाहनों को सार्वजनिक मार्ग पर पार्क नहीं किया जा सकेगा। इसके अलावा वाहन स्वामी को अपना वाहन लाइसेंसधारी डीलर को सौंपने की सूचना फॉर्म 29सी के माध्यम से ऑनलाइन देनी होगी। इस प्रक्रिया के पूर्ण होते ही वाहन डेटाबेस में संबंधित डीलर का नाम दर्ज हो जाएगा। यदि वाहन वापस लिया जाता है तो फॉर्म 29डी के माध्यम से सूचना देने पर डीलर का नाम डेटाबेस से हट जाएगा। नियम 55सी के अनुसार डीम्ड ऑनर वाहन से संबंधित बीमा, पंजीयन, फिटनेस, पीयूसीसी की वैधता तथा किसी भी घटना के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा। साथ ही लाइसेंसधारी डीलर को अपने अधीन वाहनों की सूची फॉर्म 29ई में पोर्टल पर दर्ज करनी होगी। नियम 55डी के तहत ऐसे वाहनों का उपयोग केवल ट्रायल, डेमोंस्ट्रेशन, मरम्मत या वैधानिक निरीक्षण जैसे सीमित उद्देश्यों के लिए ही किया जा सकेगा।

## लटेरी के अगरा पठार के जंगल में हुई वारदात का पुलिस ने किया खुलासा

# कलेक्शन एजेंट को लूटने वाले 4 बदमाशों में से दो को पुलिस ने किया गिरफ्तार, 2 फरार

**आरोपियों ने एजेंट के साथ लूट करने के बाद राशि को आपस में बराबर बांट लिया था।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ लटेरी/विदिशा

लटेरी पुलिस ने लूट की सनसनीखेज घटना का 24 घंटे के भीतर खुलासा कर 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लूट की गई राशि 30 हजार एवं अपराध में प्रयुक्त बाइक भी जब्त कर ली है।

22 दिसंबर को फरियादी धर्मेश सोनी पिता संतोष सोनी निवासी संजयनगर कॉलोनी मंडी सीहोर ने लटेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह सेटिन क्रेडिट केयर नेटवर्क लिमिटेड, दिल्ली में

**एजेंट से लूटी गई राशि व बाइक पुलिस ने जब्त की**



कलेक्शन का कार्य करता है। फरियादी ग्राम धूमगिर बरखेड़ा में समूह लोन की किस्तें कलेक्ट कर वापस शमशाबाद जाते समय अगरा पठार के पास दो अज्ञात बाइक सवारों ने रास्ता रोककर डंडे से मारपीट कर बैग छीन लिया। बैग में 53 हजार 856 रुपए एक लेनोवो टैबलेट एवं पर्स में रखे 6 हजार 350 रुपए नकद सहित आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं अन्य दस्तावेज थे। कुल 60 हजार 206 रुपए की की लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। विवेचना के दौरान प्राप्त तकनीकी साक्ष्यों एवं सघन पूछताछ के आधार पर आरोपियों अवधराज यादव एवं अभिषेक यादव को गिरफ्तार किया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि दोनों आरोपियों ने पूर्व में लोन लिया था तथा अधिक राशि का

**ज्यादा राशि का लोन न मिलने के कारण दिया था लूट की वारदात को अंजाम।**

लोन न मिलने पर अन्य साथियों के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से लूट की वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों ने लूट की राशि को आपस में बराबर बांट लिया था। अन्य फरार 2 आरोपियों की तलाश जारी है। लटेरी पुलिस ने बताया इन आरोपियों पर पूर्व में कोई अपराध कायम नहीं हैं। गिरफ्तार आरोपी अवधराज यादव पिता सुमेर सिंह यादव, उम्र 28 वर्ष और अभिषेक यादव पिता शिवराज यादव उम्र 22 वर्ष दोनों लटेरी के धूमगिर गांव निवासी हैं।

# न्यायालय परिसर में ई-सेवा केंद्र शुरू, न्यायिक सेवाओं को मिली डिजिटल मजबूती



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

न्यायिक सेवाओं को अधिक सुलभ, पारदर्शी और डिजिटल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिला न्यायालय परिसर में ई-सेवा केन्द्र का विधिवत उद्घाटन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिले के पोर्टफोलियो जज एवं मप्र उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति आनंद सिंह बहरावत रहे। उनके साथ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेख सलीम, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय आशुतोष मिश्रा एवं विशेष न्यायाधीश जीसी शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। न्यायमूर्ति श्री बहरावत ने ई-सेवा केन्द्र की उपयोगिता बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से नागरिकों एवं अभिभाषकों को प्रकरण की वर्तमान स्थिति, अगली सुनवाई की तिथि, न्यायाधीशों के अवकाश, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग संबंधी जानकारी सहित विभिन्न न्यायिक सेवाएं एक ही स्थान पर आसानी से उपलब्ध होंगी। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेख सलीम ने बताया कि ई-सेवा केंद्र का निर्माण उच्च न्यायालय के निर्देशन में किया गया है, जिससे पक्षकारों एवं अधिवक्ताओं को न्यायालयीन प्रक्रियाओं की जानकारी त्वरित और सहज रूप से मिल सके। यह पहल न्यायिक प्रणाली को जनोन्मुखी बनाने में सहायक सिद्ध होगी। उद्घाटन के बाद अभिभाषक संघ जबलपुर के अध्यक्ष ज्ञानसिंह जैन, विदिशा अभिभाषक संघ अध्यक्ष संतोष शर्मा ने पौधरोपण किया।

### कलेक्टर के निर्देश पर खाद विक्रय केंद्रों का निरीक्षण किया

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशानुसार जिले में संचालित सभी शासकीय एवं अशासकीय खाद विक्रय केंद्रों का संबंधित राजस्व अधिकारियों द्वारा अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद की उपलब्धता, गुणवत्ता, स्टॉक की स्थिति, दर सूची का प्रदर्शन, लाइसेंस एवं अभिलेखों की जांच की गई तथा शासन द्वारा निर्धारित नियमों के पालन की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने यह भी सुनिश्चित किया कि किसानों को निर्धारित दरों पर ही खाद उपलब्ध कराई जा रही है और किसी प्रकार की कालाबाजारी अथवा अनियमितता नहीं हो रही है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि खाद सतत निगरानी रखी जाए तथा शिकायत पर कार्रवाई करें।

# सांदीपनि विद्यालय में सृजन कार्यक्रम का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई

सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सृजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक हरिसिंह सप्रे ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत पीटीएम के माध्यम से विद्यार्थियों की अकादमिक प्रगति को उनके अभिभावकों के साथ साझा करने से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। प्राथमिक, माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी विभाग के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। मुख्य अतिथि विधायक हरिसिंह सप्रे ने विद्यालय की प्रगति की सराहना



करते हुए इसे जिले का सर्वोत्तम विद्यालय बताया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी कमल सिंह बागड़ी ने विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं एवं सृजन कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। विधानसभा संयोजक विनोद जैन ने विद्यार्थियों को सकारात्मक जीवन मूल्यों एवं ईमानदारी के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम में भोपाल से आए इंडियन आइडल के पूर्व प्रतिभागी जीशान सिद्दीकी ने प्रस्तुति दी।

### सिरोंज की ग्राम पंचायत कूजा में उपचुनाव 29 को

**विदिशा।** पंचायतों के उप निर्वाचन के अंतर्गत जनपद पंचायत सिरोंज की ग्राम पंचायत कूजा में रिक्त सरपंच पद के लिए 29 दिसंबर सोमवार को मतदान होगा। निर्वाचन प्रक्रिया के तहत ग्राम पंचायत कूजा क्षेत्र में दो मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदान केंद्र क्रमांक 207 प्राथमिक शाला भवन कूजा तथा मतदान केंद्र क्रमांक 208 प्राथमिक शाला भवन कजरीबरखेड़ा में पात्र मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान को सुचारु रूप से संपन्न कराने और अधिकतम मतदाता सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत कूजा एवं संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में कार्यरत शासकीय, अर्द्धशासकीय अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए 29 दिसंबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

# भावांतर योजना: सोयाबीन की खरीदी की निगरानी के लिए मंडी का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत सोयाबीन खरीदी की पारदर्शिता के उद्देश्य से नोडल अधिकारी नरेश कुमार परमार ने कृषि उपज मंडी शमशाबाद का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों द्वारा योजना के तहत बिक्री के लिए लाई गई सोयाबीन से भरी ट्रालियों की बारीकी से जांच की तथा गुणवत्ता और वजन की स्थिति का अवलोकन किया।

व्यापारियों के खरीदी केंद्रों पर उपलब्ध स्टॉक का भी निरीक्षण किया गया। नोडल अधिकारी परमार ने मंडी परिसर में किसानों और व्यापारियों से चर्चा करते हुए कहा कि भावांतर योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित



और लाभकारी मूल्य दिलाना है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि योजना में किसी भी प्रकार की अनियमितता जैसे सोयाबीन की रिसाइक्लिंग, बिना खरीदी के वजन दर्शाना, पुराने सोयाबीन को भावांतर पंजीयन में शामिल करना या भुगतान में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने व्यापारियों को निर्देश दिए कि किसानों का पुराना सोयाबीन भावांतर योजना में न खरीदा जाए तथा इसकी कड़ी निगरानी मंडी सचिव एवं कर्मचारी करें। नोडल अधिकारी ने यह भी कहा कि किसानों को समय पर भुगतान मिले, मंडी में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहें और योजना में पूर्ण पारदर्शिता बनी रहे, इसके लिए लगातार निरीक्षण और निगरानी की जा रही है।

### प्रशासन की नई पहल: फोन लगाकर ली जा रही गोशालाओं की जानकारी

**विदिशा।** जिला प्रशासन द्वारा नवाचार करते हुए गोशालाओं की जानकारी रेंडम कॉल के माध्यम से ली जा रही है। पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग के उप संचालक डॉ एनके शुक्ला ने जिले के सभी गोशाला संचालकों से अपील की है कि वे कलेक्ट्रेट से टोल फ्री नंबर 07592-181 पर आने वाले कॉल पर जिम्मेदारी से सही व तथ्यात्मक जानकारी दें। उन्होंने बताया कि यह कॉल गोशालाओं की अद्यतन स्थिति जानने के लिए है, जिससे शासन स्तर पर योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और सहयोग में सुविधा होगी।

### विभाग ने अंडों के नमूने लिए

**विदिशा।** खाद्य विभाग ने रामद्वारा स्थित अंडा विक्रेताओं से अंडों के नमूने लिए। संग्रहित नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप वर्मा द्वारा संपादित की गई। कार्रवाई का उद्देश्य नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना तथा खाद्य मानकों का कड़ाई से पालन कराना है।

### 62 स्वसहायता समूहों को मिला 1.94 करोड़ ऋण

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** मप्र ग्रामीण बैंक द्वारा कुरवाई ब्लॉक में 'सीसीएल लिंकेज मास कैंप' का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से 62 स्वसहायता समूहों को कुल 1 करोड़ 94 लाख का ऋण वितरित किया गया। अग्रणी जिला प्रबंधक ने महिलाओं को वित्तीय साक्षरता, डिजिटल बैंकिंग, बचत और ऋण के सही उपयोग की जानकारी दी। साथ ही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा और अटल पेंशन योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। शिविर से महिलाओं में आत्मनिर्भर बनने का उत्साह देखा गया।

# पुण्यतिथि व जयंती पर माधव उद्यान में किया गया पौधरोपण

**विदिशा।** चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में माधव उद्यान में पौधरोपण किया गया। पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाए गए। नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने चौधरी चरण सिंह को नमन किया। बीएस चौहान ने चौधरी चरण सिंह के इतिहास से अवगत कराया। राजकुमार सराफ ने चौधरी चरण सिंह को किसानों का मसीहा बताया। साथ ही राजस्थान भंडार के संचालक व अखिल भारतीय जाट महासभा के संगठन मंत्री रामू राम जाट के पिता स्वर्गीय पदमाराम भूकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान रिटायर्ड डीएसपी रणवीर



सिंह जाट, लाखन सिंह जाट, राजकुमार जाट, जितेन जैन, राम शर्मा, जसवंत सिंह सिरोही, लायंस क्लब अध्यक्ष शाश्वत शर्मा, डॉक्टर रवि साहू, इंजीनियर अजय साहू, अरुण कुमार सोनी, देशराज पचौरी, केसी प्रजापति एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## ग्यारसपुर के सांदीपनि विद्यालय में सृजन एवं वार्षिकोत्सव संपन्न

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

नगर के प्रतिष्ठित सांदीपनी विद्यालय में सृजन एवं वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास, उत्साह और गरिमामय वातावरण में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर द्वारा माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना कर किया गया, जिसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत हुई।

विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। नृत्य, गीत, नाटक एवं अन्य रचनात्मक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और मंचीय कौशल की सभी ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य ज्योति प्रकाश नेमा ने विद्यालय की विगत 3 वर्षों की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संदीपनी विद्यालय के विद्यार्थी प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और ग्यारसपुर का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। प्राचार्य ने बताया कि विगत



वर्ष हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा का परिणाम 95% रहा, जिसमें 243 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। वहीं हायर सेकेंडरी परीक्षा में 284 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। इस दौरान 78 विद्यार्थियों को लैपटॉप एवं स्कूटी की सौगात मिली तथा दो विद्यार्थियों का आईटीआई में चयन हुआ। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले तीन वर्षों में कक्षा आठवीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिसमें प्रिया रैकवार ने जिले में चौथा तथा तनिष्क लोधी ने दसवां स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा एनएमएमएस ओलंपियाड में भी विद्यार्थियों का चयन हुआ है।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश सोनी, महामंत्री शिवराज रघुवंशी सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



धान परिवहन का सिस्टम वेयरहाउस बनाया, 4100 मैट्रिक टन धान का किया परिवहन

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए बनाए 33 केंद्र, 17500 किसानों का हुआ रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 33 केंद्र बनाए गए हैं, जहां किसान धान लेकर बिक्री के लिए पहुंच रहे हैं। धान केंद्रों पर परिवहन की गति धीमी है, जिससे किसानों को थोड़ी परेशानी उठानी पड़ रही है। जिले के 8114 किसानों ने स्लॉट बुकिंग की थी, अभी तक धान की कुल बिक्री 4314 मैट्रिक टन हो चुकी है। 41 करोड़ 75 लाख रुपए का किसानों को भुगतान कर दिया गया है। धान का परिवहन का सिस्टम वेयरहाउस रखा है, जिसमें 4100 मैट्रिक टन धान का परिवहन किया जा चुका है।

जिला खाद्य अधिकारी राजू कातुलकर ने बताया कि 87 प्रतिशत धान परिवहन हो चुका है। सरकार ने धान खरीदी समर्थन मूल्य 2400 रुपए क्विंटल तय किया है। प्रशासन ने इस बार 59 खरीदी केंद्र बनाए जाने प्रस्ताव भेजा था, जिनमें से 33 धान खरीदी केंद्र को स्वीकृति मिल चुकी है। जिले में 4.75 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया है।

हालांकि, प्रशासनिक तैयारियों के बीच किसानों में कुछ समय पहले असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। दरअसल, राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर बढ़ते कर्ज के कारण धान खरीदी न करने की मंशा व्यक्त की थी, जिससे किसानों में भ्रम पैदा हुआ था। अब जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में तय कार्यक्रम के अनुसार ही खरीदी शुरू की गई। जिला खाद्य विभाग के अधिकारियों का दावा है कि खरीदी केंद्रों की सभी व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। इस साल 17000 किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है।



### किसानों की मांग - 5000 रुपए प्रति क्विंटल तक बिके धान की उपज

किसानों का कहना है कि उन्हें धान की उपज के लिए अभी बहुत कम भाव मिल रहे हैं। पिछले साल भी धान के रेट कम रहे थे। किसानों के अनुसार, पूसा बासमती धान कम से कम 5000 रुपए प्रति क्विंटल बिकना चाहिए, जिससे उनकी लागत और कृषि उपज मंडी तक आने-जाने का भाड़ा भी निकल सके। किसानों ने यह भी बताया कि इस साल धान का उत्पादन भी कम हुआ है।

### इस बार धान फसल हुई बेहतर

जिले में समय-समय पर हुई अच्छी बारिश और औसत से अधिक बारिश के कारण इस बार धान की फसल बेहतर हुई है। बारिश ने जरुर धान उपज को बदरंग किया था। इस बार धान के समर्थन मूल्य में 196 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। 2023 में जहां 2 हजार 283 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी गई थी।

### प्रदेश सरकार ने किसानों के साथ की वादा खिलाफी

किसान जागृति संगठन के संरक्षक इरफान जाफरी ने बताया कि प्रदेश की डॉ मोहन सरकार धान खरीदी में अपना वादा नहीं निभा रही है। सरकार ने 3100 रुपए क्विंटल बासमती धान खरीदने का वादा किया था, लेकिन सरकार 2400 रुपए क्विंटल किसानों से धान खरीद रही है। जबकि किसानों को धान बेचने में 700 रुपए प्रति क्विंटल पर नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### रायसेन मंडी में 19000 क्विंटल धान की आवक

◆ कृषि उपज मंडी रायसेन में धान की आवक लगातार बढ़ रही है। बुधवार को 19 हजार क्विंटल धान उपज पहुंची, जिसकी व्यापारियों द्वारा न्यूनतम 930 रुपए और अधिकतम 3185 रुपए प्रति क्विंटल के भाव पर खरीदी गई। पूसा बासमती धान की आवक भी तेजी से बढ़ने लगी है। बुधवार को भी जिले और आसपास के क्षेत्रों के साथ दूसरे जिलों से भी बड़ी संख्या में किसान धान उपज लेकर मंडी पहुंचे। मंडी सचिव वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि अभी तक मंडी में सीजन की 10 लाख क्विंटल धान की आवक हो चुकी है।

### इनका कहना है

किसानों को धान बिक्री में किसी प्रकार की परेशानी नहीं उठाना पड़े, इसके लिए विभाग ने पर्याप्त इंतजाम किए हैं। किसानों को केंद्रों पर पीने के पानी, छाया के पुख्ता इंतजाम किए हैं।
- **राजू कातुलकर**, खाद्य अधिकारी रायसेन।

# व्यापारी का दो ट्रक बासमती धान खरीदकर दलाल गायब

## करनाल धान ले जाने वाले दो ट्रक जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली




बासमती धान की बड़ी मंडी बरेली में करनाल हरियाणा की शिवाय फूड एग्रो के दलाल चेतन मां अन्नपूर्णा ट्रेडर्स के पुष्पजीत ठाकुर से दो ट्रक बासमती धान खरीदने के बदले में एक बार 10 लख रुपए आरटीजीएस से भेजें पहले ट्रक में 619 क्विंटल 85 किलो धान जिसका मूल्य 22 लाख 57579 रुपए था 10 लाख का भुगतान आरटीजीएस से व्यापारी को भेजा गया। दलाल चेतन दूसरी गाड़ी भी ट्रांसपोर्ट के माध्यम से भेजने के बाद व्यापारी को भुगतान नहीं हुआ और 18 दिसंबर से दलाल चेतन गायब और मोबाइल बंद बना हुआ है।

विश्वजीत ठाकुर मां अन्नपूर्णा ट्रेडर्स ने व्यापारियों के साथ थाने पहुंचकर लिखित में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने भोपाल से दो ट्रक जिन में धान करनाल भेजी गई थी जप्त कर चालक से पूछताछ और मामले की जांच कर रही है।

बाड़ी बरेली तहसीलों में प्रतिवर्ष खरीफ सीजन में लाखों कुंटल बासमती धान का उत्पादन होता है। बासमती धान को पंजाब हरियाणा दिल्ली से आए व्यापारियों चावल निर्माता कंपनियों द्वारा नीलामी के द्वारा खरीदा जाता है।कंपनियों और बड़े बाहरी व्यापारियों के दलाल परचेचर बरेली में डेरा डालकर बासमती धान की खरीद करते रहते हैं। यह पहला अवसर है जब व्यापारी के साथ अन्य प्रदेश में भेजी गई धान पर ठगी और भुगतान न करने की घटना सामने आई है।

### व्यापारियों में असंतोष

भारी मात्रा में धान खरीदी और बाहर भेजने का प्रतिदिन बरेली मंडी में सिलसिला बना रहता है। लाखों रुपए की धान बाहर भेजी गई और व्यापारी को भुगतान न किए जाने के साथ दलाल परचेसर चेतन के साथ धान परिवहन करने वाले ट्रांसपोर्टर मिली भगत चर्चा बनी हुई है। व्यापारियों द्वारा सामूहिक रूप से थाने पहुंचकर मां अन्नपूर्णा ट्रेडर्स की और से शिकायत दर्ज कराई गई व्यापारी के साथ ठगी को लेकर असंतोष बना हुआ है।

### इनका कहना है

मामले में जांच चल रही है दो ट्रक भोपाल से कस्टडी में लिए गए हैं। चालकों से पूछताछ चल रही है जल्द मामले का खुलासा होगा।
- **कपिल गुप्ता**, टीआई बरेली।

# किसान दिवस पर क्षेत्र के किसान राजेश का हरियाणा के करनाल में हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

तहसील के नर्मदा किनारे बसे ग्राम बगलवाड़ा निवासी राजेश सिंह ठाकुर को करनाल हरियाणा में हुए राष्ट्रीय किसान दिवस कार्यक्रम में सम्मानित और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया कृषक राजेश ठाकुर लंबे समय से जैविक खेती करने के साथ क्षेत्र के किसानों के बीच जैविक खेती के प्रति जागरूकता का कार्य करने सक्रिय बने हुए हैं।

करनाल में हुए राष्ट्रीय किसान दिवस कार्यक्रम में भाकृ अनुप-भारतीय गेहूं एवं जौं अनुसंधान संस्थान की ओर से राजेश ठाकुर को आमंत्रित और उनके कृषि क्षेत्र में किये जा रहे उत्कृष्ट प्रेरणादाई कार्यों के लिए प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किए जाने से ग्राम बगलवाड़ा और क्षेत्र के किसानों में हर्ष बना हुआ है।

# जिला अस्पताल में गुटखा खाने वाले 14 लोगों के बनाए चालान, दी हिदायत

### राष्ट्रीय तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तहत जिला अस्पताल में जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



जिला अस्पताल परिसर को साफ सुथरा बनाए रखने के लिए पुलिस चौकी के अधिकारी एक्शन मोड पर हैं। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिला चिकित्सालय रायसेन में तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम की संयुक्त टीम द्वारा जिला अस्पताल परिसर में तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों पर जागरूकता अभियान आयोजित किया गया।

अभियान डॉ एमडी भारती के नेतृत्व में पुलिस चौकी के पुलिस अधिकारियों के सहयोग से चलाया गया। जिसमें आमजन एवं मरीजों के अटेंडरों को तंबाकू से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य नुकसान, कैंसर, डेंटल फ्लोरोसिस, हृदय रोग एवं नशीली आदतों से बचाव के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

साथ ही अस्पताल परिसर में मरीज के अटेंडर सहित 14 लोगों को तम्बाकू एवं बीडी सिगरेट का उपयोग करते हुए पाए जाने पर उनको तम्बाकू नियंत्रण के नियंत्रण अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही करते हुए जुर्माना राशि राज्य शासन के खाते में जमा किए गए। संयुक्त टीम में डॉ एमडी भारती जिला नोडल अधिकारी फ्लोरोसिस एवं तबाकू नियंत्रण, पुलिस विभाग के एएसआई श्री सक्सेना एवं नगर पालिका के एसआई शशिकांत एवं तम्बाकू नियंत्रण के काउंसलर सुनील नेविस शामिल रहे।

शिकार के दौरान बंदूक की नाल फटने से लगी गोली

# जांच में खुलासा, आदिवासी युवक की गोली लगने से मौत, सात गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले की तहसील बेगमगंज के ग्राम रमपुरा में हुए गोलीकांड में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

उल्लेखनीय है कि बीती रात्रि ग्राम रमपुरा से 38 वर्षीय युवक वृंदावन ठाकुर पिता करण सिंह को घायल अवस्था में इलाज के लिए बेगमगंज अस्पताल लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण बाद मृत घोषित कर दिया गया। मृतक के शरीर पर गोली लगने के दो घाव पाए गए। पुलिस जांच में सामने आया कि युवक ने ग्राम ककरूआ गुलाब स्थित खेत पर एक बिना लाइसेंस की अवैध भरमार बंदूक छिपाकर रखी थी। वह अपने मित्रों के साथ किसी वन्य प्राणी का शिकार खेलने के उद्देश्य से खेत के पास गया था। एक खरगोश पर फायर करते समय बंदूक की नाल फटने से यह दुर्घटना घटित हुई, जिसमें उसकी मृत्यु हो गई।

### ये हुए गिरफ्तार

पुलिस ने मृतक के साथ शिकार पर गए 7 आरोपियों को हिरासत में लिया है, जिनमें वीरेन्द्र पिता करन सिंह आदिवासी (सगा भाई), सुनील पिता तखत सिंह, अमित पिता माधव, धनराज पिता मंगल सिंह, चैन सिंह पिता बाबूलाल, मोनू पिता भगवान सिंह, सोनू पिता भगवान सिंह शामिल हैं।

# आज से खरगोन में 7 दिवसीय श्री राम कथा का भव्य आयोजन

**बरेली।** तहसील के कस्बा खरगोन के बाजार स्थित श्री हनुमान मंदिर प्रांगण में 25 से 31 दिसंबर तक सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन प्रारंभ हुआ। पूज्य रत्नमणि दीदी अध्यक्ष नर्मदा भक्ति पंथ परिवार द्वारा प्रतिदिन दोपहर 1 से 4 बजे तक कथा द्वारा प्रमुख प्रसंग का वर्णन कर धार्मिक आध्यात्मिक चेतना का संचार किया जाएगा। नए वर्ष में 1 जनवरी 2026 को खेड़ापति माता मंदिर खरगोन में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन रात्रि 8 बजे से प्रारंभ होगा।

धार्मिक साहित्यिक सांस्कृतिक आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने धर्म प्रेमियों से प्रतिदिन श्रीराम कथा श्रवण करने और 1 जनवरी की रात्रि में हास्य कवि सम्मेलन में उपस्थित होने की अपील की है।

# खड़े डंपर से टकराई बाइक, युवक घायल



**सिलवानी।** सड़क किनारे खड़े डंपर से एक बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई। हादसे में बाइक सवार एक युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार स्टेट हाईवे 44 स्थित चीचोली ग्राम के पास सड़क किनारे खड़े डंपर में रात के समय बाइक चालक पीछे से जा घुसा, जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल युवक को सिविल अस्पताल पहुंचाया। घायल की पहचान महुआखेड़ा निवासी प्रदीप आदिवासी के रुप में हुई।

# सांईखेड़ा में आस्था और संस्कारों का संगम, कलश यात्रा के साथ नवकुंडीय गायत्री महायज्ञ शुभारंभ

### नारी सशक्तिकरण वर्ष 2024-25 के अंतर्गत राष्ट्र शौर्य व समृद्धि के संकल्प के साथ उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज, हरिद्वार के मार्गदर्शन में अंचल के ग्राम सांईखेड़ा में आयोजित 3 दिवसीय नवकुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। इस पावन अवसर पर ग्राम सहित क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कलश यात्रा का शुभारंभ पाला रोड स्थित शिव मंदिर से हुआ, जो ग्राम के बस स्टैंड, बाजार मोहल्ला सहित प्रमुख मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल राय गार्डन पहुंची। गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और भक्ति संगीत के साथ निकली यात्रा ने उत्सव जैसा माहौल बना दिया। यात्रा में शामिल महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश रखे हुए सहभागिता की। यह आयोजन नारी सशक्तिकरण वर्ष 2024-25 के अंतर्गत राष्ट्र शौर्य समृद्धि संकल्प के साथ संपन्न हो रहा है। महायज्ञ के प्रथम दिन मंगल कलश शोभायात्रा के साथ-साथ कार्यक्रम स्थल पर आद्यशक्ति गायत्री एवं युग शक्ति गायत्री पर आधारित प्रेरक प्रवचन भी आयोजित किए गए।

वक्ताओं ने यज्ञ के आध्यात्मिक, सामाजिक पर प्रकाश डालते हुए मानव जीवन में संस्कारों की भूमिका को रेखांकित किया। वहीं आगामी दिनों में यज्ञ, प्रवचन, संस्कार एवं साधना कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में सकारात्मक ऊर्जा, सद्भाव और नैतिक उत्थान का संदेश दिया जाएगा। आयोजन ने सांईखेड़ा को धर्म और सांस्कृतिक चेतना का केंद्र बना दिया है।

# मजदूरी के बकाया 150 रुपए के लेन-देन में खेत मालिक पर पत्थर से किया हमला

## हमले में बुजुर्ग किसान घायल, 2 आरोपी पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

थाना क्षेत्र के ग्राम सरचंपा में ज़रा से रुपयों के लेन-देन में दो युवकों ने बुजुर्ग किसान से जमकर मारपीट कर घायल कर दिया। पूरा मामला 150 रुपए के लेन देन के पीछे हुआ है। मारपीट से बुजुर्ग के नाक और सिर में गंभीर चोटें आ गईं। सलामतपुर स्वास्थ्य केंद्र में बुजुर्ग कमल सिंह लोधी पिता निर्भय सिंह लोधी उम्र 65 वर्ष निवासी सरचम्पा का प्राथमिक उपचार किया।



किसान कमल सिंह

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार बुधवार को पुलिस ने कमल सिंह की रिपोर्ट पर आरोपी देवेंद्र सिंह लोधी पिता हुकम सिंह और हेमराज आदिवासी पिता गंगाराम दोनों निवासी ग्राम सरचंपा पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### धान कटाई की मजदूरी पर हुआ विवाद

आरोपी देवेंद्र सिंह और हेमरा ने लगभग 10 से 15 दिन पहले कमल सिंह के खेत में धान काटने की मजदूरी की थी। कमल सिंह ने मजदूरी के रुपये दे दिए थे, लेकिन 150 रुपए बाकी रह गए थे जो 10 दिन बाद देने का वादा किया था। देवेंद्र और हेमराज मंगलवार शाम को कमल सिंह के खलियान पर रुपए लेने पहुंचे थे, कमल सिंह ने एक दिन बाद रुपए देने का बोला। आरोपी यह बात सुनते ही आगबबूला हो गए और पत्थर से कमल सिंह पर हमला कर दिया। हमले से कमल सिंह के सिर और नाक पर चोटें आईं। बुधवार को थाने में कमल सिंह ने दोनों पर मामला दर्ज कराया।

# स्व. अनुज की स्मृति में रक्तदान शिविर हुआ आयोजित, 52 यूनिट ब्लड संग्रहित

## शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

नगर के समुदायक स्वस्थ्य केंद्र में स्व. अनुज ठाकुर की स्मृति में लगातार सातवें वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रेडक्रास ब्लड बैंक भोपाल से आई डॉक्टरों की टीम ने 52 यूनिट ब्लड संग्रह किया।

मंडल अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि रक्त को कृत्रिम रूप से बनाया नहीं जा सकता है। यह इंसान के शरीर में स्वयं ही बनता है, रक्तदान को महादान इसलिए ही कहा जाता है।

रक्तिदान शिविर में 52 युवाओं ने रक्तदान कर दूसरों के जीवन को बचाने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। रेडक्रास ब्लड बैंक भोपाल के पदाधिकारियों ने सभी रक्तदाताओं का प्रशस्ति पत्र सै सम्मानित किया।



कार्यक्रम में धर्मेंद्र सिंह चौहान, पंकज श्रीवास्तव, सुरेश पाल, होशियार सिंह ठाकुर, रघुवीर सिंह ठाकुर, मोनू अटवाल, जस्सी अटवाल, थाना प्रभारी राजेश तिवारी, जितेंद्र चौहान, छोटू चौहान, रेवक सिंह ठाकुर, मुजीव खान, राहुल ठाकुर, आर्यन जोशी, डिप्टी रेंजर हेमराज चौहान, आयोजक दीपक ठाकुर ने स्व. अनुज ठाकुर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर रक्तदान प्रारंभ किया।

आयोजक दीपक ठाकुर ने बताया कि विगत 7 वर्ष पूर्व छोटे भाई अनुज की स्मृति में प्रतिवर्ष यह शिविर आयोजित किया जाता है।

श्रीरामलीला में कैकई और दशरथ संवाद प्रसंग की हुई प्रस्तुति

# कैकई ने मांगा भरत को राज और राम को वनवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

### रोवहिं नगर लोग सब भाई। देखि राम वनबास सिधाई॥



शहर में आयोजित वार्षिक श्रीराम लीला महोत्सव के चलते बुधवार को रामलीला मैदान में कलाकारों द्वारा रानी कैकई राजा दशरथ संवाद की रोचक प्रस्तुति दी। जिसे देखकर दर्शक भी भावविभोर हो उठे।

श्रीरामलीला संचालन समिति के प्रमुख पंडित राजेंद्र प्रसाद शुक्ला ने बताया कि श्रीरामलीला प्रसंग के अनुसार जब राजभवन के कोपभवन में रानी कैकई के पास उनकी दासी मंथरा पहुंचती है। कैकई के कान भरते हुए कहती है कि अयोध्या के राजकुमार श्री राम को 14 वर्ष का वनवास दिया जाए और भरत को अयोध्या का राज पाठ दिलाया जाए।

अयोध्या की रानी कैकई दासी मंथरा की बातों में आकर और राज महल में कोप भवन में जाकर रूठ जाती हैं। राजा दशरथ जी आकर कैकई को देखते हैं तो उनसे हालचाल पूछते हैं कि तुम्हें क्या हुआ। बात क्यों नहीं कर रही। कई प्रकार से राजा दशरथ प्रिय रानी कैकेई से पूछते हैं। तब जाकर कहीं राजा दशरथ से बोली कि पहले यह बताएं कि आप मेरी बात को पूरी तरह से मानेंगे। कैकई ने राजा दशरथ से कसम खिलाकर यह बात मनवा ली। रघुकुल के वचन पूरा करने को कहा।इसके बाद कहा कि राम को 14 वर्ष के लिए वनवास और भरत को अयोध्या का राज दिया जाए। इस मंचन को देखने बुधवार को रामलीला ग्राउंड में दर्शकों की भीड़ नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से जुटी।

### आज भगवान श्री राम को गंगा पार कराएंगे केवट

रानी कैकई के इन वचनों को सुनकर राजा दशरथ व्याकुल होते हैं और मन ही मन रोते हुए कहते हैं कि कैकई किसकी बातों में आकर तुमने गलत फैसला लिया। प्राणों से प्यारे मेरे पुत्र राम को मैं कैसे वनवास भेजूं। मुझसे रहा नहीं जा रहा। परंतु रानी कैकई कोप भवन में बैठे हुए इन दोनों वरदान के लिए जिद करती हैं। आखिर में राजा दशरथ को दोनों वरदान देने पड़े। रामलीला में कल गुरुवार को शहर के प्राचीन मिश्र तालाब पर गंगा अवतरण की आकर्षक प्रस्तुति युवा कलाकारों द्वारा की जाएगी। इस दौरान गंगा रूपी मिश्र तालाब से भक्तराज केवट द्वारा भगवान श्रीराम, सीता और लक्ष्मण जी के लिए गंगा पार कराएंगे।